# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

20 मई 2024, सोमवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा हरियाणा के करनाल, हिसार और झज्जर में आयोजित जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**मोदी-मोदी का नारा देश में विकास का पर्याय बन चुका है**

**************

**शहजादे और दामादों की भ्रष्टाचारी कांग्रेस पार्टी को 4 चरणों में 40 सीटें भी नहीं मिलने वाली**

**************

**कांग्रेस ने संवैधानिक पद पर बैठे जाट किसान के बेटे उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ जी का अपमान करने का काम किया**

**************

**सिरसा से सोनीपत तक और पंचकुला से पलवल तक मोदी जी के विकास का कमल खिलने वाला है**

**************

**भाजपा सरकार ने हरियाणा में बंद किया नौकरी बेचने का कारोबार**

**************

**पहले मुख्यमंत्री रोहतक या सिरसा का होता था, भाजपा ने पूरे हरियाणा का नेतृत्व करने वाला मुख्यमंत्री दिया**

**************

**OROP को कांग्रेस ने 40 सालों तक लटका कर रखा, मोदी जी ने अपने पहले ही टर्म में OROP को लागू करने का काम किया**

**************

**भारत को पूर्ण विकसित और आत्मनिर्भर, सुरक्षित और समृद्ध, शिक्षित और टेक्नोलॉजी से युक्त केवल और केवल मोदी जी ही बना सकते हैं**

**************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज हरियाणा के करनाल, हिसार और झज्जर में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस द्वारा हरियाणा के विकास की अनदेखी और तुष्टीकरण की राजनीति पर जमकर हमला बोला और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की उपलब्धियों और कल्याणकारी नीतियों को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, राज्यसभा सांसद श्री कार्तिकेय शर्मा, करनाल लोकसभा से प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर, झज्जर से भाजपा प्रत्याशी श्री अरविंद शर्मा, भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री श्री ओम प्रकाश धनकर, राजस्थान के विधायक बाबा बालकनाथ सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि देश भर में अन्न भंडार भरने में सबसे बड़ा योगदान हरियाणा के अन्नदाताओं का है। हरियाणा के वीर जवान भारत माता की रक्षा करते हैं, तभी देश चैन की नींद लेता है। साथ ही, खेल क्षेत्र में भी

हरियाणा के धाकड़ खिलाड़ी हमेशा पहले स्थान पर रहते हैं। मोदी सरकार ने देश के किसानों, जवानों और खिलाड़ियों के लिए ढेर सारे कार्य किए हैं। **पहले की कांग्रेस सरकारों ने वन रैंक, वन पेंशन के मुद्दे को 40 साल तक लटकाए रखा लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने पहले कार्यकाल में ही इस मुद्दे को हल कर दिया। मोदी सरकार ने खेलों और खिलाड़ियों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, पारदर्शी चयन और अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण की व्यवस्था को सुनिश्चित किया, जिसका सबसे ज्यादा लाभ हरियाणा के खिलाड़ियों को मिला है।** श्री मनोहर लाल खट्टर ने 10 वर्षों तक मुख्यमंत्री के रूप में हरियाणा की सेवा की है। भारतीय जनता पार्टी ने यह तय किया है कि अब श्री मनोहर लाल खट्टर दिल्ली में देश और पार्टी की सेवा करेंगे। श्री मनोहर लाल खट्टर जी ने हरियाणा में नौकरी बेचने वाले माफिया को खत्म किया और हरियां को विकसित प्रदेश बनाने में योगदान दिया।

श्री शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हरियाणा को विकसित प्रदेशों की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। केंद्र में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और राज्य में श्री मनोहर लाल खट्टर के मार्गदर्शन में हरियाणा को अनेकों सौगातें मिली हैं। मोदी सरकार ने देश में 7 आईआईटी, 7 आईआईएम, 15 नए एम्स और 390 नए विश्वविद्यालय और 700 मेडिकल कॉलेज शुरू किये गए। श्री खट्टर ने हरियाणा में 12 एक्सप्रेस-वे, 77 कॉलेज, 13 विश्वविद्यालय, 8 मेडिकल कॉलेज और 16 नए अस्पताल खोलने का कार्य किया। पिछले 10 वर्षों में श्री मनोहरलाल खट्टर के नेतृत्व में हरियाणा को विकसित करने का कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। **पहले हरियाणा द्वंद में फंसा हुआ था, एक परिवार आता था तो भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुँच जाता था और दूसरा परिवार आता था तो राज्य में भाई-भतीजावाद और गुंडा गर्दी बढ़ जाती थी। श्री मनोहरलाल ने भ्रष्टाचार और भाई -भतीजावाद समाप्त कर दिया है।** पहले हरियाणा में मुख्यमंत्री या तो रोहतक का होता था या फिर सिरसा का, पहली बार एक ऐसा मुख्यमंत्री था, जो पूरे हरियाणा का था। श्री खट्टर ने हरियाणा के सभी वर्गों और जातियों की चिंता करते हुए सबके विकास के लिए कार्य किये हैं।अब राज्य की कमान युवा मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने संभाली है। करनाल की सीट मुख्यमंत्री की थी और मुख्यमंत्री की ही रहेगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि “राजस्थान और हरियाणा के लोगों का कश्मीर से क्या लेना-देना है?” खड़गे साहब को पता नहीं है कि हरियाणा का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान तक दे सकता है। **कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन के नेता फारूक अब्दुल्लाह और मणिशंकर अय्यर कहते हैं कि पाकिस्तान का सम्मान करो और पाक अधिकृत कश्मीर की मांग मत करो क्योंकि उनके पास परमाणु बम है, लेकिन भाजपा सरकार परमाणु बम के नाम पर नहीं डरती है और पाक अधिकृत कश्मीर को वापस लेकर रहेगी।** कांग्रेस पार्टी ने 70 वर्षों से तुष्टिकरण की राजनीति के लिए कश्मीर में धारा 370 को अनौरस बच्चे की तरह संभाल कर रखा था। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही धारा 370 को समाप्त कर दिया। आज कश्मीर में शान से भारत का तिरंगा लहरा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के अर्थतंत्र को 11वें नंबर से 5वें नंबर पर लाकर खड़ा किया है और आगामी पाँच वर्षों में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। **कांग्रेस पार्टी ने 70 साल से राम मंदिर के मुद्दे को अटका कर रखा था। आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को देश की जनता ने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया और 5 ही साल में श्रीराम मंदिर का केस भी जीता, भूमि पूजन भी किया और 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा किया, जिसके परिणामस्वरूप आज भव्य राम मंदिर बनके तैयार है।** कांग्रेस पार्टी के नेता खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल बाबा को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का निमंत्रण दिया गया लेकिन तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले ये लोग नहीं पहुंचे क्योंकि ये लोग अपने वोट बैंक से डरते हैं। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी न केवल राम मंदिर बनाया बल्कि औरंगजेब द्वारा तोड़ा गया काशी विश्वनाथ कॉरिडर का भी पुनर्निर्माण कराया।** कांग्रेस पार्टी ने वर्षों तक शासन में रहने के बाद भी गरीबों के हित के लिए कुछ नहीं किया।

श्री शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि **राहुल बाबा कहते हैं कि हम किसानों के हित की बात करते हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी संवैधानिक पद पर बैठे जाट किसानों के नेता श्री जगदीप धनखड़ का अपमान करती है।** यूपीए सरकार में किसानों का बजट 22 हजार करोड़ था, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले 10 वर्षों में इस बजट को बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार करोड़ करने का काम किया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा करनाल

में विकास हेतु बहुत से कार्य किये गए हैं। करनाल को स्मार्ट सिटी बनाया गया है। 57 योजनाओं में से 52 विकास योजनाएं पूरी हो चुकी हैं, शक्ति कालोनी में 106 करोड़ की लागत से विकास योजनाएं शुरू की गई, खेलों इंडिया का केंद्र बनाया गया, 760 करोड़ की लागत से विज्ञान विश्वविद्यालय की स्थापना की गई, मेडिकल विश्वविद्यालय, भारतमाला योजना के तहत 1800 करोड़ की लागत से रिंग रोड का निर्माण किया गया, 300 करोड़ की लागत से रेलवे के अंडर ब्रिज बनाए गए, रैपिड रेल की शुरुआत की जाएगी और साथ ही पानीपत का म्यूजियम बनाने का काम भी मोदी सरकार कर रही है। जल जीवन मिशन के तहत करनाल विधानसभा में 1 लाख 33 हजार गरीबों को जल दिया गया, 40 जन-औषधि केंद्र खोले गए और 40 हजार गरीबों के यहां शौचालय बनाए गए, 36 हजार महिलाओं को गैस सिलेंडर प्रदान किए गए और 20 लाख लोगों को 5 किलो निशुल्क अनाज मुहैया कराया गया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 130 करोड़ देशवासियों का टीकाकरण करके उन्हें कोरोना से सुरक्षित करने किया है। कांग्रेस और राहुल गांधी ने महामारी के समय भी राजनीति करके जनता को गुमराह करने का प्रयास किया, मगर जब देश भर के लोगों ने अपना टीकाकरण करवा लिया, तब एक शाम को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी जाकर टीका लगवाया। **देश पर जब संकट आता है तो सब एकजुट होकर उस संकट का सामना करते हैं, मगर राहुल गांधी ने कोरोना महामारी के दौरान ओछे स्तर की राजनीति का परिचय दिया था।** इंडी गठबंधन चुनाव तो लड़ रहा है, लेकिन इनके पास प्रधानमंत्री पद का उमीदवार नहीं है। **इंडी गठबंधन के पास न नेता है और न ही नीति है। इंडी गठबंधन ने 5 वर्ष के कार्यकाल में 5 प्रधानमंत्री बनाने की योजना बनाई है।** 130 करोड़ देशवासियों के देश का प्रधानमंत्री पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने वाला, कोरोना से सुरक्षित करने वाला, तीन तलाक समाप्त करने वाला, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को वापस लेने वाला, नक्सलवाद खत्म करने वाला, यूसीसी लागू करने वाला और भारत को विश्व में प्रथम स्थान पर ले जाने वाला होना चाहिए। देश के पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण सहित सभी प्रांतों का मानना है कि देश को ऐसा प्रतिनिधित्व आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के अलावा और कोई नहीं दे सकता है। **आज मोदी-मोदी का नारा देश के विकास का विश्वास बन चुका है। जनता को पता है कि देश को पूर्ण विकसित, आत्मनिर्भर, समृद्ध, शिक्षित और टेक्नोलॉजी से युक्त केवल यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही बना सकते हैं।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को हरियाणा से विशेष लगाव है। **सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री और भूपेन्द्र हुड्डा अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। जो अपने बेटों के लिए राजनीति में हों, वे लोग देश के युवाओं का विकास नहीं कर सकते हैं। देश और हरियाणा का विकास सिर्फ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही कर सकते हैं।**

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने शासन में बोफोर्स घोटाला, हेलिकाप्टर घोटाला, सेना के जवानों की गाड़ियों का घोटाला, किसानों के फर्टिलाइजर का घोटाला, चावल घोटाला और कॉमनवेल्थ का घोटाला किया। कांग्रेस पार्टी ने अपने कार्यकाल में भ्रष्टाचार से केवल अपना घर भरा है। जबकि, **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किसानों से 20 लाख करोड़ का अनाज समर्थन मूल्य पर खरीदा। आजादी के बाद सबसे अधिक अनाज समर्थन मूल्य पर खरीदने वाली सरकार मोदी सरकार है। खेलों के बजट में माननीय प्रधानमंत्री जी ने तीन गुना वृद्धि की है और 2036 तक देश में ओलंपिक खेलों को लाने की तैयारी की जा रही है।** आगामी चुनाव में 2 खेमे हैं, एक खेमे में 12 लाख करोड़ का घोटाला करने वाली कांग्रेस पार्टी है और दूसरे खेमें में 23 साल तक राजनीति में रहकर भी 25 पैसे का आरोप न लगने वाले माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। **एक ओर मुंह में चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए राहुल बाबा है और दूसरी ओर गरीब चाय बेचने वाले के घर में पैदा हुए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं।** एक ओर थोड़ी गर्मी पड़ते ही छुट्टी मनाने के लिए थाइलैंड जाने वाले राहुल बाबा हैं और दूसरी ओर दिवाली के दिन भी छुट्टी न लेने वाले और सेना के जवान के साथ मिठाई खाकर सरहद पर दिवाली मनाने वाले माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी हैं। देश में चार चरणों के मतदान सम्पन्न हो चुके हैं और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 270 सीटें पार कर बहुमत प्राप्त कर चुके हैं और 400 सीटों की ओर बढ़ रहे हैं। राहुल बाबा को 40 सीटें भी नहीं मिल रही है और पूरे इंडी गठबंधन का सूपड़ा साफ होने वाला है। **2024 के चुनाव के पहले राहुल बाबा ने "भारत जोड़ों यात्रा" से की थी, 4 जून के चुनाव के बाद राहुल बाबा को "कांग्रेस ढूंढो यात्रा" निकालनी पड़ेगी, दूरबीन लेकर भी कांग्रेस नहीं दिखने वाली है।** 2024 के चुनाव में सिरसा से लेकर सोनीपत तक और पंचकुला से पलवल तक विकास का कमल खिलने वाला है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **हरियाणा की आर्थिक विकास की दर 8% है और हरियाणा प्रति व्यक्ति की दर से सबसे अधिक जीएसटी एकत्रित करने वाला राज्य है। व्यापार करने में आसानी के मामले में हरियाणा शीर्ष स्थान पर है, फॉर्च्यून 500 कंपनियों के 400 कार्यालय गुरुग्राम में स्थित हैं। कृषि में हरियाणा देश में दूसरे स्थान पर है, दूध उत्पादन में तीसरे स्थान पर है और देश में सबसे अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान करता है। स्वास्थ्य सुविधाओं में भी हरियाणा देशभर में प्रथम स्थान पर है। इसके अतिरिक्त हरियाणा ऑटोमोबाइल और ट्रैक्टर निर्माण में भी अग्रणी है।** कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर प्रहार करते हुए श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस शासन के दौरान भूपेन्द्र हुड्डा चिट्ठियाँ लिख-लिख कर दामाद के दरबारी बने हुए थे। कांग्रेस का हाथ दिल्ली के जीजा के साथ है और हरियाणा की आम जनता खाली हाथ थी।** आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री और हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने के बाद सबके पास घर-नल से जल-शौचालय-गैस सिलेंडर है। **हरियाणा में पहले "दरबारी-दामाद-डीलर्स" की सरकार थी, जिसकी जगह माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी लोक कल्याण की सरकार लाएं है।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया की फार्मसी बन गया है। आज अगर कोई भारतीय नागरिक युद्ध क्षेत्र में फंस जाता है, तो माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी उन्हें सुरक्षित वापस लाते हैं। यूपीआई का डंका पूरे विश्व में बज रहा है और भारत के चंद्रयान को चाँद पर पहुंचाने का काम माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। **कांग्रेस पार्टी आगामी हार को देखकर झूठ के आधार पर जीत प्राप्त करना चाहती है। कांग्रेस झूठ फैला रही है कि अगर भाजपा की 400 सीटें आई, तो माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी आरक्षण हटा देंगे। लेकिन जब तक भाजपा का एक भी सांसद है, तब तक हम आरक्षण को खत्म होने नहीं देंगे।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार कांग्रेस पार्टी द्वारा मुसलमानों को दिए गैर संवैधानिक आरक्षण को खत्म करेगी।

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस की यूपीए सरकार ने 10 साल में हरियाणा को मात्र 41 हजार करोड़ रुपए भेजे, लेकिन मोदी सरकार ने हरियाणा को विगत 10 वर्षों में 2 लाख 70 हजार करोड़ रुपए प्रदान किए।** मोदी सरकार ने हरियाणा में 21 नए राष्ट्रीय राजमार्ग, रेवाड़ी में एम्स बनाया, आईआईटी दिल्ली का एक्सटेंशन झज्जर में बनाया, बरसा में 2000 करोड़ रुपए की लागत से कैंसर अस्पताल बनाया और झज्जर जिले में 24 करोड़ रुपए की लागत से सबसे बड़ा बस स्टेशन बनाया गया। **श्री मनोहर लाल खट्टर जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने जिस विकास की गाड़ी को गंतव्य तक पहुंचाया है, प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी उस गाड़ी को स्टेशन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।** उन्होंने हरियाणा की सभी सीटों पर कमल खिलाने और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की अपील की।

******************